भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 930
बुधवार, 26 जुलाई, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

पृथ्वी विज्ञान संबंधी कार्यकलाप

930. श्री विनोद लखमशी चावडा:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में आगामी तीन वर्षों के लिए छात्रों हेतु पृथ्वी विज्ञान संबंधी कार्यकलाप आयोजित करने का प्रस्ताव है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रिजिजू)

(क)-(ख) जी हां। मंत्रालय अपने आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों के लिए पृथ्वी विज्ञान संबंधी विभिन्न जागरूकता गतिविधियों में सहायता कर रहा है। वार्षिक आधार पर आयोजित किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम निम्नलिखित हैं:

(i) महत्वपूर्ण दिवस, जैसे पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल), ओजोन दिवस (16 सितंबर), आदि।
(ii) भारतीय राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (INESO) ।
(iii) कक्षा IX से XII तक के स्कूली छात्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (IESO) ।
(iv) पृथ्वी विज्ञान प्रदर्शनियाँ, विज्ञान उत्सव, कार्यशालाएँ, सेमिनार, लोकप्रिय व्याख्यान, आदि।

******